BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल ने केवल खिड़कियों में इलेक्शन साइन बोर्डों को लगाने की अनुमति देने के लिए साइन बाइ-लॉ में संशोधन किया है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (30 नवंबर, 2022) – कल की अपनी खास मीटिंग में, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने भविष्य के सभी चुनावों के लिए, केवल खिड़कियों में या दरवाजों की खिड़कियों में इलेक्शन साइन बोर्डों को लगाने की अनुमति देने के लिए सिटी के साइन बाइ-लॉ (साइन बोर्डों के बारे में उप-कानून) (Sign By-law) में संशोधन को मंजूरी दी। यह संशोधन, रिहायशी और गैर-रिहायशी जमीनों सहित, पूरी निजी प्रॉपर्टी पर लागू होगा।

सिटी ने 2018, 2019 और 2022 के म्युनिसिपल, प्रोविंसियल और फेडरल चुनावों सहित, पिछले कई चुनावों में अवैध इलेक्शन साइन बोर्डों से संबंधित शिकायतों की संख्या में बहुत ज्यादा वृद्धि देखी है। सिटी के साइन बाइ-लॉ का उल्लंघन कई समस्याएं पैदा करता है, विशेषकर ट्रैफिक संबंधी खतरों और अस्तव्यस्त पड़ी चीजों के संबंध में, अवैध साइन बोर्डों को लगाने से संबंधित एन्फोर्समेंट का म्युनिसिपल संसाधनों पर प्रभाव पड़ा है, एक अवैध म्युनिसिपल इलेक्शन साइन बोर्ड की जांच और मुकदमे की औसत लागत, प्रति साइन बोर्ड लगभग 125 डॉलर से 130 डॉलर तक है। सिटी का स्टाफ, अवैध इलेक्शन साइन बोर्डों से जुड़े जुर्मानों में प्रस्तावित वृद्धि पर काउंसिल को वापस रिपोर्ट करेगा।

खिड़कियों में साइन बोर्डों की रिप्लेसमेंट, निवासियों को किसी भी उम्मीदवार या तृतीय पक्ष के लिए उनकी हिमायत प्रकट करने का विकल्प प्रदान करेगी, साथ ही यह साइन बोर्डों से छेड़छाड़, अवैध बदली, अस्तव्यस्त पड़ी चीजों, ड्राइवर के ध्यान खिंचाव और पब्लिक सुरक्षा संबंधी समस्याओं को भी रोकेगी।

सिटी के साइन बाइ-लॉ के बारे में यहां (here) पर अधिक जानकारी पाएं।

हवाले

“पिछले चुनावों में, सिटी ने अवैध इलेक्शन साइन बोर्डों से संबंधित शिकायतों की संख्या में बहुत ज्यादा वृद्धि देखी है और ये साइन बोर्ड, पर्यावरण और हमारी कम्युनिटी की खूबसूरती से संबंधित कई समस्याएं पैदा करते हैं। संशोधित साइन बाइ-लॉ के अंतर्गत, निवासी खिड़कियों में इलेक्शन साइन बोर्ड लगाकर लगातार, उम्मीदवारों और तृतीय पक्षों के संबंध में अपनी आवाज उठाने के योग्य होंगे, जो हमारे शहर को सुरक्षित और खूबसूरत रखने में मदद करेगा।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“अवैध साइन बोर्ड पब्लिक सुरक्षा पर बहुत बड़ा असर डाल सकते हैं और हमारी कम्युनिटी की खूबसूरती को खराब कर सकते हैं, साथ ही इनसे म्युनिसिपल संसाधनों पर बोझ पड़ता है। केवल खिड़कियों में इलेक्शन पोस्टरों को लगाने की अनुमति देने के लिए सिटी के

साइन बाइ-लॉ में सुधार करके, हम पब्लिक प्रॉपर्टी के साइन बोर्डों, सिटी की प्रॉपर्टी पर साइन बोर्डों और चुनाव के बाद 72 घंटे से अधिक समय तक लगे रहने वाले साइन बोर्डों को हटाकर, हमारे शहर को साफ-सुथरा और हरा-भरा रख सकते हैं।"

- *रोएना सैन्टोस* (Rowena Santos), *रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, लैजिसलेटिव सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"मैं हमारे निवासियों को दुबारा कहना चाहता हूं कि यह सिटी के साइन बाइ-लॉ में संशोधन है, पाबंदी नहीं। बाइ-लॉ में संशोधन होने से, अतिरिक्त साइन बोर्ड कम होंगे, अवैध साइन बोर्डों को हटाने से संसाधन बचेंगे, हमारे निवासियों की सुरक्षा में सुधार होगा और कम्युनिटी की खूबसूरती कायम रहेगी। हम यह सुनिश्चित करने के लिए निवासियों की लगातार प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद करते हैं कि ब्रैम्पटन स्वस्थ, सुरक्षित और साफ-सुथरा रहे।"

- *मार्लोन कैलीडीन* (Marlon Kallideen), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है। हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

मीडिया संपर्क
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca